सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें
फैक्स / Fax :0135-2744064
वेबसाईट / Website: www.surveyofindia.gov.in
ई–मेल / E-Mail :sgo.budget.soi@gov.in

भारत सरकार
GOVT. OF INDIA

भारतीय सर्वेक्षण विभाग
SURVEY OF INDIA
महासर्वेक्षक का कार्यालय
SURVEYOR GENERAL'S OFFICE
हाथीबड़कला एस्टेट डाक बक्स सं0–37
Hathibarkala Estate, POST BOX o.37,
देहरादून–248001 (उत्तराखण्ड)–भारत।
DEHRADUN-248001(Uttarakhand)-INDIA

**कार्यालय आदेश संख्या ब-69 /1117-पेंशन नियम/अदालत** **दिनांक 09 मार्च,2022**

विषय : **पेंशन अदालत करने के संबंध में ।**

भारत सरकार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय कार्मिक , लोक शिकायत और पेन्शन मंत्रालय के पत्र सं० 1/39/2021-पी०एण्ड पी० डब्ल्यू(ई), दिनांक 10 जनवरी,2022 में निहित निर्देशों के अनुपालन में देहरादून स्टेशन स्थित भारतीय सर्वेक्षण विभाग के कार्यालयों में पेंशन भोगियों (Pensioners) की शिकायतों (Grievances) का निपटान/ निस्तारण करने के लिए देहरादून स्टेशन पर पेंशन अदालत का आयोजन **दिनांक 15-3-2022** को 11:00 (पूर्वाहन) से दोपहर 1:00 बजे तक पेंशन अदालत का आयोजन **वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग** के तहत किया जाएगा।इस संबंध में निम्नलिखित सदस्यों की एक समिति का गठन किया जाता है:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | उप महासर्वेक्षक (प्रशासन) | - | (अध्यक्ष) |
| 2 | केन्द्रीय वेतन एवं लेखाधिकारी/सहायक लेखाधिकारी (पेंशन अनुभाग) केन्द्रीय वेतन एवं लेखा कार्यालय, देहरादून। | - | (सदस्य) |
| 3 | स्थापना एवं लेखा अधिकारी (बजट) (म०स०का०) | - | (सदस्य) |
| 4 | स्थापना एवं लेखा अधिकारी (प्रशासन) (म०स०का०) | - | (सदस्य) |
| 5 | स्थापना एवं लेखा अधिकारी/D.D.O. ज्यो० एवं अनुसंधान शाखा | - | (सदस्य) |
| 6 | स्थापना एवं लेखा अधिकारी/D.D.O. उत्तराखण्ड एंव पश्चिमी उत्तर प्रदेश भू-स्थानिक आंकड़ा केन्द्र | - | (सदस्य) |
| 7 | स्थापना एवं लेखा अधिकारी/D.D.O. अंकीय मानचित्रण केन्द्र | - | (सदस्य) |
| 8 | स्थापना एवं लेखा अधिकारी/D.D.O. मानचित्र प्रकाशन निदेशालय | - | (सदस्य) |
| 9 | स्थापना एवं लेखा अधिकारी/D.D.O. मानचित्र अभिलेख एवं प्रसार केन्द्र | - | (सदस्य) |
| 10 | स्थापना एवं लेखा अधिकारी/D.D.O. राष्ट्रीय भू स्थानिक आंकड़ा केन्द्र | - | (सदस्य) |

भारतीय सर्वेक्षण विभाग के देहरादून स्थित कार्यालयों से सेवानिवृत पेंशनर / फैमिली पेंशनर जिनकी कोई भी पेंशन सम्बन्धी शिकायत जो 3 माह से अधिक की हो तो उन्हें सम्बधित कार्यालय द्वारा जारी नीचे दिये गये लिंक पर भेजकर सूचित किया जाए ताकि वे सम्बधित दस्तावेजों के साथ उक्त पेंशन अदालत में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग ले सके।

**लिंक Survey of India की इवैबसाइट पर " Welfare Section" tab के अर्न्तगत भी उपलब्ध है: -**

**लिंक -** https://surveyofindia.webex.com/surveyofindia/j.php?MTID=m3e551752668502a874cc50995a79678d

9.3.2022

( नितिन जोशी )
उप महासर्वेक्षक (प्रशासन)
कृते भारत के महासर्वेक्षक

....2/-

**वितरणः-**

1. केन्द्रीय वेतन एवं लेखा कार्यालय, देहरादून को सूचनार्थ एवं इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि उक्त पेंशन अदालत में निहित तिथि को सम्मिलित हो अथवा पेंशन अनुभाग के सहायक लेखाधिकारी को नामित करें।
2. स्थापना एवं लेखा अधिकारी (बजट) (म०स०का०) को सूचनार्थ व अनुपालन हेतु।
3. स्थापना एवं लेखा अधिकारी (प्रशासन) (म०स०का०) को सूचनार्थ व अनुपालन हेतु।

4. निदेशक, ज्यो० एवं अनुसंधान शाखा
5. निदेशक, उत्तराखण्ड एंव पश्चिमी उत्तर उत्तराखण्ड एंव पश्चिमी उत्तर
6. निदेशक, अंकीय मानचित्रण केन्द्र
7. निदेशक, मानचित्र प्रकाशन निदेशालय
8. निदेशक, मानचित्र अभिलेख एवं प्रसार केन्द्र
9. निदेशक, राष्ट्रीय भू स्थानिक आंकड़ा केन्द्र

को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्राप्त शिकायतों(Grievances) तथा पूर्व लम्बित मामले/शिकायत यदि कोई हो व उनकी स्टेटस रिपोर्ट के साथ सम्बधित स्था० एवं लेखा अधि० /DDO को दिनांक 15-3-2022 को पेंशन अदालत में उपस्थित होने के निर्देश दें। सभी कार्यालय अपने कार्यालय की पेशन शिकायत नोट करेंगे तथा इसकी सूचना निर्धारित प्रारूप में अगली कार्यवाही हेतु इस कार्यालय को प्रेषित करेंगे।

10. वैबसाइट इंचार्ज को इस आशय के साथ प्रेषित कि पत्र को भारतीय सर्वेक्षण विभाग की Website पर प्रदर्शित करने की कृपा करें।
11. कार्यालय अधीक्षक, एल०ए०पी० अनुभाग(म०स०का०) को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
12. कार्यालय अधीक्षक, विनियम अनुभाग को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त पेंशन अदालत के सम्बन्ध में संलग्न विज्ञापन किन्हीं दो स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित करवायें ।

9-3-2022

( नितिन जोशी )
उप महासर्वेक्षक (प्रशासन)
कृते भारत के महासर्वेक्षक

# <u>पेंशन अदालत</u>

भारतीय सर्वेक्षण विभाग के देहरादून स्थित महासर्वेक्षक कार्यालय, राष्ट्रीय भू स्थानिक आंकड़ा केन्द्र, मानचित्र प्रकाशन निदेशालय, मानचित्र अभिलेख एवं प्रसार केन्द्र, ज्योडीय एवं अनुसंधान शाखा, उत्तराखण्ड एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश भू स्थानिक आंकड़ा केन्द्र तथा अंकीय मानचित्रण केन्द्र से सेवानिवृत्त सभी सम्माननीय पेंशनरों का ध्यानकर्षण करते हुए सूचित किया जाता है कि महासर्वेक्षक कार्यालय, हाथीबड़कला इस्टेट, देहरादून द्वारा आगामी **15 मार्च,2022 को 11:00 (पूर्वाहन) से दोपहर 1:00 बजे** तक पेंशन अदालत का आयोजन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के तहत किया जा रहा है। जिसका लिंक नीचे दिया गया है। पेंशन अदालत में देहरादून स्थित महासर्वेक्षक कार्यालय, राष्ट्रीय भू स्थानिक आंकड़ा केन्द्र, मानचित्र प्रकाशन निदेशालय, मानचित्र अभिलेख एवं प्रसार केन्द्र, ज्योडीय एवं अनुसंधान शाखा, उत्तराखण्ड एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश भू स्थानिक आंकड़ा केन्द्र तथा अंकीय मानचित्रण केन्द्र से सेवानिवृत्त अधिकारी/ कर्मचारी अपने पेंशन/ फैमिली पेंशन के मामलों के संबंध में यदि कोई समस्या/ शिकायत हो उसके निवारण हेतु सभी दस्तावेजों के साथ उक्त तिथि व समय पर पेंशन अदालत में अपनी शिकायत / समस्या निवारण हेतु **वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग** के तहत रख सकते हैं।

**लिंक Survey of India की इवैबसाइट पर " Welfare Section" tab के अर्न्तगत भी उपलब्ध है: -**
**लिंक -** https://surveyofindia.webex.com/surveyofindia/j.php?MTID=m3e551752668502a874cc50995a79678d

Josh
9-3-2022

( नितिन जोशी )
उप महासर्वेक्षक (प्रशासन)
कृते भारत के महासर्वेक्षक